nt>

Title: Need to merge the employees and officers of fertilizer Industry, Gorakhpur in the new proposed industry set up by KRIBHCO.

श्री आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। १९६९ में गोरखपुर में फर्टिलाइजर कार्पोरेशन का खाद कारखाना स्थापित हुआ था। विभिन्न सरकारों की उदासीनता और अधिकारियों की लापरवाही के कारण १० जून १९९० को एक साधारण दुर्घटना के चलते इस कारखाने को बंद कर दिया गया था। पूर्वी उत्तर प्रदेश औद्योगिक दृष्टि से पहले ही पिछड़ा क्षेत्र है। इस कारखाने के बंद होने से कार्यरत कर्मचारियों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों में निराशा व्याप्त है। पूर्व की पांच सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वहां कृभको द्वारा एक नया कारखाना लगाना प्रस्तावित किया है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि फर्टिलाइजर कारखाने में जो कर्मचारी और अधिकारी हैं, उनका कृभको में समायोजन किया जाए।